कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक – उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / 73-78 / 2018–19 दिनांक 19 मई, 2018

प्रेस–विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 का परीक्षाफल निदेशक / सभापति, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा दिनांक 26 मई, 2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे घोषित किया जायेगा। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त परिषद् कार्यालय रामनगर की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** व uaresults.nic.in में देख सकते हैं।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पृ0सं0 – उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / 73-78 / 2018–19 दिनांकः– 19 मई, 2018

सेवा में,

सम्मानित सम्पादक, अमर उजाला / दैनिक जागरण / उत्तर उजाला / हिन्दुस्तान / समय सहारा / Times of India.

महोदय,

उक्त विज्ञप्ति / समाचार को जनहित में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में उत्तराखण्ड संस्करण पर निःशुल्क प्रकाशित करेंगे। जिससे परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल सुविधापूर्वक प्राप्त कर सकें।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

ALL FILES 2018-19 RESULT AT A GLANCE 2018/LETTER RUSELT CAMMIT 2018

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

सम्पादक
समस्त समाचार पत्र एवं
इलैक्ट्रानिक मीडिया/प्रिन्ट मीडिया।

पत्रांक उ0वि0शि0प0/सि0सेल/ 72 /2018--19 दिनांकः 19 मई, 2018

विषयः– **हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 का परीक्षाफल दिनांक 26 मई, 2018 दिन शनिवार पूर्वाहन 11.00 बजे परिषद् कार्यालय रामनगर, नैनीताल में घोषित किया जायेगा।

अतः उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आप सादर आमंत्रित हैं। कृपया निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व अपना स्थान ग्रहण करने का कष्ट करें। सी0डी0 प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित समाचार पत्र के सम्पादक से संलग्न प्रारूप पर अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

संलग्न– अधिकार पत्र का प्रारूप।

भवदीय
19/05/18

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

अधिकार पत्र का प्रारूप

आज दिनांक 26 मई, 2018 को मेरे द्वारा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा–2018 की परीक्षाफल सी0डी0, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) से प्राप्त की।

एतदर्थ मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ किः–

1. परीक्षाफल प्रकाशन/डिस्पले हेतु प्राप्त सी0डी0 का उपयोग केवल परीक्षाफल प्रकाशन/डिस्पले में ही किया जायेगा तथा परीक्षाफल वास्तव में प्रकाशित/डिस्पले किया जायेगा। इस हेतु परिषद एवं **परीक्षार्थी से प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।**
2. उक्त सी0डी0 का प्रयोग केवल उसी समाचार पत्र/संस्था के द्वारा विधिक रूप से किया जायेगा जिसके लिए इसे प्राप्त किया जा रहा है।
3. उक्त सी0डी0 का प्रयोग परीक्षार्थियों को शीघ्र परीक्षाफल उपलब्ध कराने हेतु किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम शुद्धतापूर्वक प्रकाशित किए जायेंगे।
4. परीक्षा परिणाम में तकनीकी कारणों यथा डॉटा संरचना (Data Structure) में परिवर्तन इत्यादि से आई त्रुटियों के लिए संस्था स्वयं उत्तरदायी होगा।
5. परिषद द्वारा निर्गत किया गया अंक पत्र/प्रमाण पत्र ही अधिकारिक रूप से मान्य होगा।

संस्था/समाचार पत्र का नाम **प्राप्तकर्ता प्रतिनिधि का नाम** **हस्ताक्षर**

पता एवं दूरभाष /सम्पर्क संख्या